



नवभारत
भोपाल, शनिवार 07 मार्च, 2026


## एक नजर में

### नरवाई प्रबंधन हेतु बैठक का हुआ आयोजन

**राजगढ़ 06 मार्च, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने एवं प्रभावी नरवाई प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड नरसिंहगढ़ द्वारा थाना कुरावर एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड ब्यावरा द्वारा थाना सुठालिया में हार्वेस्टर संचालको एवं थाना प्रभारियों के साथ शुक्रवार को बैठक की. बैठक में किसानो को नरवाई न जलाने के लिये जागरूक करने तथा हार्वेस्टर मशीनो में स्ट्रॉ मेनेजमेंट सिस्टमके उपयोग को सुनिश्चित करने पर जोर दिया. कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया की कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा जिले में नरवाई प्रबंधन अंतर्गत धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अंतर्गत आदेश जारी किया गया. जिसके तहत उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी. साथ ही बिना स्ट्रॉ मेनेजमेंट सिस्टम लगी हार्वेस्टर मशीनो से फसल कटाई करने पर स्ट्रॉ रीपर मशीन से भुसा बनवाना अनिवार्य होगा, अन्यथा भूमि मालिक एवं हार्वेस्टर मशीन संचालक दोनो पर अलग-अलग 5 हजार रूपये राशि का अर्थदण्ड लगाया जाएगा.

### कायस्थ समाज की कार्यकारिणी गठित

**राजगढ़ 06 मार्च, का.** कायस्थ समाज द्वारा दूज के अवसर पर आराध्य देव श्री चित्रगुप्त जी की पूजा अर्चना सामूहिक रूप से बड़े हर्ष उल्लास के साथ की गई. बैठक में आगामी जयंती के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें वरिष्ठ अध्यक्ष निर्मल श्रीवास्तव, महिला अध्यक्ष श्रीमती उमा सक्सेना एवं युवा अध्यक्ष यश सक्सेना को समाज की कमान सौंपी गई. अन्य कार्यकारिणी सदस्य के रूप में उपाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना जी सचिव महेंद्र सक्सेना जी कोषाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना जी सहसचिव अनुराग श्रीवास्तव को चुना गया एवं युवा कार्यकारिणी को यथावत रखा गया है.

### नन्हे आसिम और अतिफा ने रखा रोजा



**खिलचीपुर 06 मार्च, सं.** मुस्लिम समुदाय में माहे रमजान को लेकर खास इबादतों का दौर जारी है. रमजान में छोटे बच्चे भी रोजा रख कर इबादत कर रहे हैं. क्षेत्र के गांव भोजपुर के उस्ताद हनीफ भाई मंसूरी के पोता-पोती सात साल के आसिम मंसूरी पुत्र आबिद उर्फ अब्बुल मंसूरी और साल छह साल की अतिफा मंसूरी पुत्री आमिर मंसूरी ने अपना पहला रोजा रखकर देश व प्रदेश में अमन-चैन कायम रखने, तरक्की, सलामती और लोगों में आपसी मोहब्बत व भाईचारे की दुआ की. इन दोनों रोजेदार बच्चों ने परिवार के सदस्यों के साथ अल सुबह सेहरी कर दिनभर भूख प्यार सहकर देर शाम अपने परिवाजनों के साथ सामूहिक रोजा इफ्तार किया. इस दौरान हनीफ भाई मंसूरी, रईस मंसूरी, आबिद, आमिर व समीर मंसूरी सहित अन्य परिवारजन मौजूद थे.

# वृद्धा से खून की होली खेलने रखी थी मुर्गा पार्टी

## वृद्धा के साथ घोर नृशंस कृत्य करने वाले आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया

**मृतका के बेटे को भी पार्टी में बुलाया, मौका पाकर हैवानियत दिखाई विभिन्न धाराओं में मामला आरोपी के खुलासे ने पुलिस को भी हैरत में डाला**

**हत्या एवं बलात्कार की घटना का 24 घंटे में खुलासा, आरोपी गिरफ्तार**





### एफएसएल जांच से आरोपी तक पहुंचे

घटनास्थल पर एफएसएल, फिंगरप्रिंट एवं डॉग स्क्वॉड टीम को बुलाकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कराया गया तथा महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए गए. निरीक्षण के दौरान घटनास्थल से एक मोबाइल फोन, काले रंग का लोअर एवं लाल रंग का अंडरवियर जप्त किया गया. घटनास्थल से प्राप्त साक्ष्यों तथा क्षेत्र में की गई ग्रामीणों से पूछताछ करने पर यह तथ्य सामने आया कि आरोपी घटना की रात नग्न अवस्था में घर पहुँचा था तथा उसके शरीर पर खून लगा हुआ था, जिसके बाद वह अन्य कपड़े पहनकर गाँव से फरार हो गया. पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर आरोपी की तलाश की गई तथा आरोपी रामनिवास पिता रायसिंह भील निवासी घाटाखेड़ी थाना भोजपुर को पकड़ लिया गया. आरोपी से पूछताछ करने पर उसने उक्त घटना करना स्वीकार किया तथा घटना की योजना और तरीका बताया.

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा/खिलचीपुर 06 मार्च, का.** एक दिन पूर्व खेत में 70 वर्षीय वृद्धा के लहुलुहान अवस्था में मिलने के बाद उसी के मौत के मामले में पुलिस ने सभी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को हिरासत में ले लिया है. आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया है और जो कहानी अपराध के पीछे उसने बताई उसे सुनकर पुलिस भी हैरान हो गई.

आरोपी ने एक 70 वर्षीय वृद्धा के साथ जघन्य अपराध करने के लिए पास के खेत में मुर्गा पार्टी की योजना बनाई. इतना ही नहीं मृतक के बेटे को भी उस पार्टी में बुलाया गया. मौका पाकर आरोपी ने मृतका के साथ न केवल बलात्कार किया बल्कि उसके नाक और मुंह को अपने दांतों से काटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. ज्यादा खून बहने से उम्रदराज महिला की मौत हो गई.

जानकारी के अनुसार 04 मार्च को सुबह डायल112 पर सूचना प्राप्त होने के बाद थाना प्रभारी भोजपुर निरीक्षक संगीता शर्मा अपनी टीम के साथ तत्काल ग्राम घाटाखेड़ी में घटनास्थल के लिए रवाना हुई. साथ ही एफएसएल, फिंगरप्रिंट एवं डॉग स्क्वॉड को भी घटनास्थल पर पहुँचने हेतु पाबंद किया गया. घटनास्थल ग्राम घाटाखेडी बहादुर सिंह के कांकरिया वाले खेत पर पहुंचे जहा पर गेहू के खेत के बीच में पर पहुँचने पर घायल महिला मिली. घायल महिला को तत्काल डायल-112 वाहन से खिलचीपुर अस्पताल भेजा गया, जहाँ उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई. फरियादी (मृतिका का पुत्र) उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम घाटाखेड़ी की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया गया.

**आरोपी ने पहले से बनाई थी योजना, मुर्गा पार्टी में मृतका के बेटे को भी बुलाया** - पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतिका अपने पुत्र के साथ गाँव से दूर खेत पर बनी टापरी में रहती थी. आरोपी की मृतिका पर बुरी नजर थी और उसने उसके साथ बलात्कार करने की योजना बनाई. 03 मार्च को आरोपी ने मुर्गी पार्टी का बहाना बनाकर मृतिका के पुत्र तथा उसके परिचित सुनील भील व पप्पू भील को बुलाया. आरोपी मुर्गी खरीदकर पप्पू के खेत पर मुर्गी बनाने की तैयारी करने लगा और मृतिका के पुत्र को वहीं उलझाकर स्वयं मृतिका की टापरी पर चला गया. टापरी पर मृतिका अकेली थी. आरोपी ने मृतिका को आवाज देकर बाहर बुलाया और जबरदस्ती पकड़कर पास के गेहूँ के खेत में ले गया, जहाँ उसने मृतिका के साथ बलात्कार किया. विरोध करने एवं चिल्लाने का प्रयास करने पर आरोपी ने क्रूरता पूर्वक अपने दाँतों से मृतिका का नाक व मुँह काटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई. घटना के बाद आरोपी घबराकर अपना मोबाइल, काले रंग का लोअर एवं लाल रंग का अंडरवियर घटनास्थल पर छोड़कर भाग गया. रास्ते में उसने खून से सनी शर्ट झाड़ियों में छुपा दी और नग्न अवस्था में घर पहुँचा, जहाँ से बाद में अन्य कपड़े पहनकर फरार हो गया.

**पुलिस ने सभी साक्ष्य कब्जे में लिए** - पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी का मोबाइल फोन, काले रंग का लोअर, लाल रंग का अंडरवियर, मृतिका की चूड़ियाँ, झाड़ियों में छुपाई गई खून से सनी शर्ट तथा मेडिकल परीक्षण के दौरान प्राप्त अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जप्त किए गए. कार्यवाही में निरीक्षक संगीता शर्मा, उनि विनोद मीणा, उनि आशाराम भल्लावी, उनि गिरवर सिंह मरावी, उनि धर्मवीर पलैया (थाना खिलचीपुर), सउनि अशोक कुमार कटारिया, नरेन्द्र सैनी, चन्द्रेश कुशवाह, देवेन्द्र सिंह, ईश्वर, गौरव, प्रिया मीणा, राकेश, रमेश, नूरनबी शामिल रहे.

### खेत पर पार्टी थी, वृद्धा को अकेला छोड़ गए

फरियादी ने बताया कि 03 मार्च की रात्रि लगभग 10-11 बजे उसके खेत के पास पप्पू पिता कालूसिंह भील के खेत पर खाने-पीने की पार्टी थी. फरियादी अपनी माँ को कांकरिया वाले खेत पर बनी टापरी पर अकेली छोड़कर पार्टी में चला गया. पार्टी में रामनिवास पिता रायसिंह, पप्पू पिता कालूसिंह एवं सुनील पिता मानसिंह मौजूद थे. कुछ समय बाद रामनिवास बिना बताए वहां से चला गया. रात में भोजन के बाद फरियादी अपने आम वाले खेत पर चला गया. सुबह जब वह टापरी पर पहुंचा तो उसकी माँ वहां नहीं मिली. तलाश करने पर टापरी के पास गेहूं के खेत में उसकी माँ गंभीर अवस्था में पड़ी मिली, जिनके मुंह, नाक व जबड़े पर गंभीर चोटें थीं तथा खून निकल रहा था. पास में रामनिवास के पहने हुए कपड़े भी पड़े मिले.





# पारिवारिक कलह में दो लोगों ने की जीवन लीला समाप्त

## बखतपुरा में हलवाई ने खाई सल्फास की गोलियां, ससुराल में युवक ने गटका जहर

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 06 मार्च, का. पारिवारिक कलह से परेशान होकर आत्महत्या करने के दो अलग-अलग मामले प्रकाश में आए है. दोनों मामले ब्यावरा शहर से है जिसमें एक अधेड़ और एक युवक ने जहर खाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली.**

शहर के बखतपुरा क्षेत्र में पारिवारिक कलह के कारण एक 62 वर्षीय व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली. अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. पुलिस के अनुसार बख्तपुरा निवासी प्रेम कुमार (62) पुत्र नारायण सोनी ने गुरुवार रात घरेलू विवाद के बाद सल्फास की गोलियां खा ली थीं. उनकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया. लेकिन वे बच नहीं पाए.

मृतक प्रेम कुमार हलवाई का काम करते थे और अपने परिवार के साथ बखतपुरा क्षेत्र में रहते थे. उनके परिवार में दो बेटे और तीन बेटियां हैं. इस घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है. मौके से सुसाइड नोट मिलने की बात सामने आ रही है. लेकिन अभी पुलिस ने मामले में किसी भी तथ्य की पुष्टि नहीं की है. हालांकि, सुसाइड नोट में लिखी बातों की आधिकारिक जानकारी पुलिस ने अभी सार्वजनिक नहीं की है.

दूसरा मामला ब्यावरा शहर के अपना नगर क्षेत्र में रहने वाले एक 32 वर्षीय युवक ने ससुराल में हुए विवाद के बाद जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली. युवक को गंभीर हालत में पहले ब्यावरा और फिर राजगढ़ अस्पताल ले जाया गया, लेकिन भोपाल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार अपना नगर निवासी कमल उर्फ पिंटू पिता कल्लू प्रसाद शाक्यवार (32 वर्ष) गुरुवार रात अपनी ससुराल कोली मोहल्ले में पत्नी और बच्चों से मिलने गया था. ससुराल पहुंचने पर किसी बात को लेकर उसका ससुराल पक्ष के लोगों से विवाद हो गया. घर लौटने के बाद उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया. कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिस पर परिजनों ने उसे तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया. पुलिस के अनुसार पीएम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा.

# होली महोत्सव के चौथे दिन कबड्डी व रस्साकसी का आयोजन





नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 06 मार्च, सं.** हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय रंगारंग महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर खेलकूद गतिविधियों के तहत कबड्डी एवं रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्रों की कुल 9 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कबड्डी प्रतियोगिता में कड़े मुकाबलों के बाद करेड़ी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि ब्यावरा की टीम द्वितीय और तुकोगंज की टीम तृतीय स्थान पर रही. वहीं रस्साकसी प्रतियोगिता में बाड़ीगांव की टीम ने पहला स्थान हासिल किया और तुकोगंज की टीम द्वितीय स्थान पर रही.

प्रतियोगिता के समापन पर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी विजेता टीमों को मोमेंटो एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला. आयोजकों ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इस दौरान अशोक साहू, सुशील व्यास, अनिल जैन, महेश पाटीदार, सतीश गिरजे, सतीश राठौर, इशांत मंगल, भूपेंद्र जोशी सहित हिन्दू उत्सव समिति सदस्य मौजूद थे.

## आखिरी पेपर देकर मनाई होली

**पडाना 06 मार्च, सं.** स्कूलों में होली का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया. छात्रों ने सूखे रंगों के साथ जमकर रंगों के त्योहार का आनंद लिया. नगर में क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले निजी स्कूलों में छात्र-छात्राओं में प्राकृतिक रंग और स्वदेशी सूखे रंगों से होली खेल कर पानी बचाने का संदेश देते हुए शुभकामनाएं दी. साथ ही पांच दिवसीय रंगों के इस त्योहार में छात्रों ने रंगों की मस्ती के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आनंद लिया.



# वंदे मातरम् के साथ मनाया फाग उत्सव

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 06 मार्च, सं.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, काका कॉलोनी शिव दर्शन भवन खिलचीपुर के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में वंदे मातरम् स्वर्णिम भारत विषय पर फाग उत्सव मनाया गया. ब्रह्माकुमारी नीलम, पोस्ट ऑफिस रिटायर्ड मंजुला बागड़ी, सुपरवाइजर लक्ष्मी दांगी, शिक्षक सीमा गुप्ता, शीतल गुप्ता, सुमित्रा दांगी, रजनी शर्मा, रानी गुप्ता, किरण दांगी, उषा गुप्ता, मंजू निंबार्क, अनीता गुप्ता, पवित्रा पिपलोटिया, ब्रह्माकुमारी अनीता उपस्थित रहे. ब्रह्माकुमारी नीलम दीदी कहा कि- भारत प्राचीन समय में सत्य शांति प्रेम पवित्रता और समृद्धि से परिपूर्ण स्वर्णिम भारत था जिसे विश्व गुरु के रूप में जाना जाता. कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर फाग उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया. भजन, गीत और आध्यात्मिक रंगों के साथ एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दी गई.



# मेडतवाल समाज की वार्षिक बैठक सम्पन्न

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 06 मार्च, सं.** मेडतवाल समाज कि वार्षिक बैठक समाज की धर्मशाला में आयोजित हुई. मां फलोदी एवं हनुमानजी महाराज की पुजा अर्चना दिनेश जमींदार, योगेश गुप्ता ने की. बैठक में समाजजनों ने अपने अपने विचार एवं सुझाव दिए.

धर्मशाला में मैनेजर हेतु पुनः दिनेश गुप्ता रावली को समाज की शर्तों के मुताबिक नियुक्त किया गया समाज अध्यक्ष रामेश्वर टांक ने धर्मशाला के समीप खरीदी गई जमीन एवं बड़े हाल के ऊपर तीन शेड़ लगाने संबंधी जानकारी प्रस्तुत की. समाज के वरिष्ठ ठाकुर मोहनसिंह जमींदार, रामेश्वर टांक सहित अन्य सदस्यों जिनमें रामप्रसाद बैरिस्टर, दिनेश जमींदार, जगदीश गुप्ता दांईखेड़ी, राजेश गुप्ता नाना, भूपेंद्र सिंह जमींदार, संजय गुप्ता हार्डवेयर, शेलेन्द्र जमींदार, श्याम मेडतवाल भण्ड़ावद, गिरिराज, अनिल गुप्ता, संजय गुप्ता ने अपने अपने विचार सुझाव प्रस्तुत किए. जिसमें वार्षिक लेखा जोखा संजय गुप्ता ने प्रस्तुत कर पुरे वर्ष भर की आय व्यय सम्बंधित जानकारी दी.

समस्त प्रस्तावों को बिंदुवार गोविंद बरोंज ने इंद्राज किये.



**शिकायत** निलंबित पटवारी की एक और शिकायत, थाने पहुंची दलित पीड़ित महिला

# जाति प्रमाणपत्र बनवाते समय पटवारी ने की थी छेड़छाड़

**पटवारी ने लिखी गलत टीप से आज तक नहीं बना जाति प्रमाणपत्र**

**3 वर्ष बीतने के बाद भी पटवारी पर नहीं हुई थी कार्रवाई**

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 05 मार्च, सं.** आप सभी को पता है कि बीते दिनों एक निलम्बित पटवारी महेश साहू को नाबालिग छात्रा के नहाते समय अश्लील वीडियो बनाने के अपराध में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता धारा- 77, पास्को एक्ट 13/14 तथाआई पी सी एक्ट की धारा- 66 ई के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय पेश किया था. जिस पर न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है. वही एसडीएम द्वारा उसे निलम्बित भी किया गया.

पीडित महिला नीता वंशकार आरोपी पटवारी के खिलाफ तीन वर्ष पहले दिये आवेदन पर कार्यवाही करने को लेकर थाने पहुंची.

तीन वर्ष पहले इसी पटवारी द्वारा महिला द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर छेड़छाड़ की गई थी. लेकिन पटवारी की दबंगाई के चलते कोई एफआईआर नहीं हुई थी. जबकि पीड़ित महिला ने एसडीओपी कार्यालय, एसपी कार्यालय, महिला आयोग में भी इसकी शिक़ायत की थी. लेकिन आज तक एफआईआर नहीं हुई थी. आरोपी पटवारी द्वारा साठ गांठ कर मामले को दबा दिया था.


तब से अब तक महिला ने बहुत चक्कर लगाये लेकिन बस आश्वासन ही मिलता रहा. कार्यवाही नहीं हुई.

पीडित नीता ने बताया कि महेश पटवारी पर यदि पहले ही पुलिस मेरे आवेदन पर कार्य वाही कर देती तो आज एक नाबालिक लड़की का इस प्रकार वीडियो बनाने की हिम्मत नहीं होती. मेरे तीन वर्ष से लम्बित आवेदन पर कार्य वाही कर एफ आई आर की जावे.

3 वर्ष से पीडिति नीता वंशकार को कब मिलेगा न्याय

नीता वंशकार ने अपने साथ हुई वारदात की शिकायत पुलिस थाना खिलचीपुर में 3 वर्ष पहले की थी. लेकिन पटवारी द्वारा थाने में सांठ-गांठ कर मामले को दबा दिया था. जिसकी शिकायत महिला ने अपने पति के साथ जाकर एसपी को भी की थी. यही नहीं महिला आयोग ओर 181 पर भी शिकायत की थी. लेकिन पटवारी के रसूख के आगे महिला ने हार मान ली थी.





### आज तक नहीं बना बच्चे का जाति प्रमाणपत्र

पटवारी द्वारा मेरे साथ हुई छेड़खानी की वारदात की शिकायत पुलिस थाने में करने के बाद पटवारी ने मेरे बच्चे के जाति प्रमाण पत्र के कागजाद पर ऐसी टिप लगाई कि आज तक मेरे बच्चे का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाया. महिला ने शासन से मांग की है कि दोषी पटवारी पर कार्यवाहीं की जाये और मेरे बच्चे का जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाये.

निलंबित महेश पटवारी के विरुद्ध एक ओर आवेदन आया है. जिसकी जांच की जा रही है सही पाये जाने पर निश्चित ही कार्यवाही की जावेगी.

**उमाशंकर मुकाती, टी आई खिलचीपुर**

# गंदगी से परेशान नागरिकों ने एसडीएम को ज्ञापन दिया

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 06 मार्च, सं. नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक एक खारिया मार्ग पर बीच रोड पर आए दिन गंदगी बिखरी रहती हे जिससे वार्ड वासी परेशान हे जिसके कारण गंदगी ज्यादा फैल रही है आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है आम नागरिक बीमारी का शिकार हो रहे हैं उसे साफ सफाई करवाई जावे वार्ड के मुख्य रोड पर बिजली की व्यवस्था नहीं है.**

प्रवेश रोड पर अवैध रूप से लोगों ने झाड़ियो लगाकर अतिक्रमण कर रखा हैउस अतिक्रमण को हटाया जावे. रोड़ पर नालियो का गंदा पानी आने के कारण आवागमन मे नगरिको को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. गंदे पानी की निकासी के लिए नवीन स्थाई नालियो का निर्माण करे करवाया जावे. वार्ड के मुख्य प्रवेश द्वार पर स्थित कचरे के ढेर को स्थाई रूप हटाकर नगर के टीचिंग ग्राउंड में कचरा प्रतिदिन फिकवाया जावे कि मांग की गई. सभी उपस्थित लोगों ने कहा कि पूर्व में भी हमने साफ सफाई सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन दिया था लेकिन आज तक इस और नगर पालिका ने ध्यान नहीं दिया आज दोबारा अनुविभागीय अधिकारी और प्रभारी सी एम ओ को ज्ञापन दिया गया है यदि साफ सफाई व्यवस्था नहीं की गई तो नापा का घेराव किया जाएगा.

इस मौके पर राहुल पुष्पद, सिद्धूलाल पुष्पद विनोद पुष्पद, संदीप पुष्पद मनोज पुष्पद धर्मेंद्र पुष्पद कमलेश पुष्पद विशाल पुष्पद पंकज पुष्पद, निलेश पुष्पद, घनश्याम पुष्पद कैलाश, विजय भाऊ राहुल अनेक वार्ड वासी उपस्थित रहे है.